**Patrika (Indore), 28th August 2020, Page-1**

इंदौर

# आइआइटी में इस सत्र से लागू होगा ईडब्ल्यूएस कोटा

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**इंदौर.** आइआइटी (इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) इंदौर ने सत्र 2020-21 से ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) कोटा लागू करने का फैसला ले लिया है। इसके तहत सभी कोर्स में 25% तक सीटें बढ़ाई जा रही हैं। ईडब्ल्यूएस कोटा लागू होने से बीटेक में ही 60 सीटों का इजाफा हो जाएगा।

केंद्र सरकार ने पिछले सत्र में 10% ईडब्ल्यूएस कोटा लागू किया है। तब आइआइटी ज्यादा सीटें नहीं बढ़ा पाया था। आइआइएम इंदौर ने कुछ फीसदी ही सीटें बढ़ाई थीं। अब आइआइटी में नए होस्टल तैयार होने के बाद 2020-21 सत्र में ईडब्ल्यूएस कोटे का पूरा लाभ देने का फैसला लिया है। आइआइटी के मीडिया प्रभारी डॉ.सुनील कुमार ने बताया, यूजी-पीजी कोर्स में सीटें बढ़ाई जा रही हैं। चार ब्रांच में बीटेक होती है। अभी हर कोर्स में 60-60 सीटें हैं। बढ़ोतरी के बाद 75-75 सीट होंगी।